भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3820

(सोमवार, 16 मार्च, 2026/25 फाल्गुन, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)

तेलंगाना में सीएसआर निधि का उपयोग

3820. श्री अरविंद धर्मापुरीः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और पर्यावरण सहित जिला-वार और क्षेत्र-वार व्यय की गई कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) तेलंगाना में सीएसआर निधि में योगदान देने वाली प्रमुख कंपनियों के नाम क्या हैं और उनमें से प्रत्येक द्वारा कितनी राशि व्यय की गई है;

(ग) क्या सरकार सीएसआर परियोजनाओं के प्रभाव और उनके पूरा होने की स्थिति की निगरानी करती है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या तेलंगाना के 'आकांक्षी' या पिछड़े जिलों में प्राथमिकता वाली विकास आवश्यकताओं के साथ सीएसआर व्यय को जोड़ने के लिए कोई तंत्र मौजूद है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क) और (ख): वार्षिक फाइलिंग के आधार पर, तेलंगाना में पिछले पाँच वित्तीय वर्षों (वित्त वर्ष) अर्थात् 2019-20 से 2023-24 के दौरान जिला-वार तथा विकास क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय का विवरण क्रमशः अनुलग्नक-I एवं II में संलग्न है। कंपनियों द्वारा सीएसआर निधि में योगदान देने वाली कंपनियों के नाम तथा उनके द्वारा व्यय की गई राशि का विवरण, जैसा कि कंपनियों द्वारा एमसीए21 रजिस्ट्री में प्रस्तुत किया गया है, सार्वजनिक डोमेन में www.csr.gov.in पर उपलब्ध है।

(ग): जी नहीं। कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 के नियम 8 में सीएसआर परियोजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन से संबंधित प्रावधानों के अनुसार, प्रत्येक वह कंपनी जिसका, अधिनियम की धारा 135 की उपधारा (5) के अंतर्गत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में औसत सीएसआर दायित्व, 10 करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा हो, उसे एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से उन सीएसआर परियोजनाओं का प्रभाव मूल्यांकन कराना आवश्यक है, जिन पर एक करोड़ रुपये या उससे अधिक का व्यय हुआ हो और जो प्रभाव अध्ययन प्रारंभ करने से कम से कम एक वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुकी हों। सीएसआर कार्यकलापों, प्रभाव मूल्यांकन आदि का विवरण सभी कंपनियों द्वारा 'सीएसआर पर वार्षिक रिपोर्ट' में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है, जिसमें सीएसआर के लिए वार्षिक कार्ययोजना भी शामिल होती है, जो कंपनी की बोर्ड रिपोर्ट का एक भाग होती है। मंत्रालय द्वारा सीएसआर परियोजनाओं की पूर्णता स्थिति से संबंधित आंकड़े केंद्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

(घ): सीएसआर एक बोर्ड संचालित प्रक्रिया है और कंपनी का बोर्ड, अपनी सीएसआर समिति की अनुशंसा के आधार पर, कंपनी के सीएसआर कार्यकलापों की योजना बनाने, उन पर निर्णय लेने, उन्हें क्रियान्वित करने तथा उनकी निगरानी करने का अधिकार रखता है। सीएसआर ढांचे के अंतर्गत कंपनियों को स्थानीय क्षेत्र की प्राथमिकताओं तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के बीच संतुलन बनाना होता है। सरकार कंपनियों को किसी विशेष क्षेत्र या कार्यकलाप में व्यय करने हेतु कोई निदेश जारी नहीं करती है।.

*****

अनुलग्नक- I

दिनांक 16.03.2026 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3820 के भाग (क) एवं (ख) से संदर्भित

वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक तेलंगाना में जिला-वार सीएसआर व्यय

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	जिलों	वित्तीय वर्ष 2019-20	वित्तीय वर्ष 2020-21	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-24
1	आदिलाबाद	6.47	2.12	8.31	10.31	14.95
2	भद्राद्री कोठागुडेम	3.38	3.72	3.53	0.11	3.98
3	हनुमानकोंडा	1.43	5.74	-	-	-
4	हैदराबाद	125.46	197.90	395.54	657.22	679.78
5	जगितील	-	0.00	0.00	-	-
6	जंगोअन	0.11	0.01	0.00	-	-
7	जयशंकर भूपालपल्ली	-	0.44	0.23	-	-
8	जोगुलम्बा गडवाल	0.21	0.05	0.05	-	-
9	कामारेड्डी	0.10	0.26	0.11	-	-
10	करीमनगर	0.59	0.90	13.46	11.28	20.96
11	खम्माम	0.55	2.03	7.94	26.39	18.61
12	कुमुराम भीम आसिफाबाद	-	0.04	0.12	0.02	-
13	महबुबाबाद	-	0.45	-	-	0.00
14	महबूबनगर	1.36	3.06	13.27	30.69	26.54
15	मैनचिरियल	-	3.92	-	-	-
16	मेडक	6.57	10.09	27.54	48.01	45.53
17	मेडचल मलकाजगिरी	2.15	3.24	1.31	0.44	1.29
18	मुलुगु	0.00	-	-	-	0.02
19	नगरकुरनूल	0.32	3.28	0.25	-	0.99
20	नलगोंडा	3.27	5.09	16.50	30.32	25.82
21	नारायणपेट	-	0.10	-	-	-
22	निर्मल	-	0.11	0.05	-	-
23	निजामाबाद	2.19	2.61	2.69	3.87	10.78
24	पेद्दापल्ली	0.02	-	-	-	0.03
25	राजन्ना सिरसिला	0.36	2.04	0.81	0.28	0.10
26	रंगा रेड्डी	23.97	30.93	70.17	83.65	119.23
27	संगारेड्डी	2.79	11.39	4.88	0.98	0.69
28	सिद्दीपेट	3.08	5.57	1.93	0.03	-
29	सूर्यापेट	3.02	5.81	0.15	-	0.58
30	विकाराबाद	2.57	3.85	-	66.94	-
31	वानापर्थी	0.84	0.53	0.05	0.06	-
32	वारंगल	-	0.30	0.11	22.40	25.86
33	यादाद्रि भुवनगिरी	0.13	0.85	0.13	0.14	2.15
34	जिला जो अन्यत्र वर्गीकृत नहीं है	254.86	321.27	119.44	47.48	57.02
कुल		445.80	627.71	688.58	1040.61	1054.92

(31.03.2025 तक का डाटा) (स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ)

*****

अनुलग्नक- II

दिनांक 16.03.2026 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3820 के भाग (क) एवं (ख) से संदर्भित

वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक तेलंगाना में सेक्टर-वार सीएसआर व्यय

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	विकास क्षेत्र	वित्तीय वर्ष 2019-20	वित्तीय वर्ष 2020-21	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-24
1	कृषि वानिकी	0.36	0.62	1.44	1.29	1.42
2	पशु कल्याण	1.53	3.66	4.34	4.10	4.08
3	सशस्त्र बल, पूर्व सैनिक, युद्ध विधवाएँ/आश्रित	0.31	0.02	1.47	0.06	0.68
4	कला और संस्कृति	3.03	2.34	5.19	11.59	39.04
5	प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण	1.91	1.77	10.85	27.47	15.08
6	शिक्षा	167.16	205.59	224.86	348.58	391.43
7	पर्यावरणीय स्थिरता	11.33	16.66	38.99	52.51	46.60
8	लैंगिक समानता	0.29	0.84	4.68	2.30	7.33
9	स्वास्थ्य देखभाल	93.79	163.36	196.80	210.43	207.57
10	आजीविका संवर्धन परियोजनाएँ	12.34	22.51	13.54	16.23	22.33
11	गरीबी, भूखमरी उन्मूलन, कुपोषण	22.78	52.24	28.60	80.45	63.69
12	ग्रामीण विकास परियोजनाएँ	43.60	51.54	59.10	81.30	109.27
13	सुरक्षित पेयजल	5.33	3.94	9.95	14.81	8.12
14	स्वच्छता	9.73	6.79	3.53	13.71	7.72
15	वरिष्ठ नागरिक कल्याण	1.97	5.20	3.68	5.87	7.02
16	महिलाओं के लिए आश्रय और छात्रावास बनाना	0.48	1.57	0.42	1.26	2.28
17	अनाथालय की स्थापना	1.75	1.60	1.82	5.51	2.86
18	झुग्गी क्षेत्र का विकास	23.11	51.50	35.46	58.07	0.44
19	सामाजिक-आर्थिक समानताएँ	0.10	1.13	1.27	1.94	5.36
20	विशेष शिक्षा	4.02	3.35	6.67	11.15	13.08
21	प्रौद्योगिकी इनक्यूबेटर	0.77	3.19	1.18	0.03	-
22	खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण	4.22	3.76	6.70	12.71	19.11
23	व्यावसायिक कौशल	25.16	16.68	20.91	52.23	40.03
24	महिला सशक्तिकरण	10.74	7.84	7.10	27.01	38.75
25	एनईसी/उल्लेख नहीं किया गया*	0.00	0.00	-	-	1.62
कुल		445.80	627.71	688.58	1040.61	1054.92

(31.03.2025 तक का डाटा) (स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ)

* कंपनियों ने या तो क्षेत्र के नाम नहीं बताए या एक से ज़्यादा क्षेत्र बताए जहां परियोजनाएं शुरू की गई थीं ।

*****